# मैहर में शक्ति की भक्ति

## चैत्र नवरात्र के पहले दिन उमड़ा आस्था का सैलाब, 85 हजार से ज्यादा भक्तों ने नवाया शीश




**मैहर। विंध्य पर्वत शृंखला की त्रिकूट पर्वत चोटी पर विराजमान आदि शक्ति मां शारदा के दरबार में गुरुवार से चैत्र नवरात्रि मेले का भव्य शंखनाद हो गया। प्रथम दिन मां 'शैलपुत्री' के स्वरूप के दर्शन के लिए समूचा मैहर धाम जयकारों से गुंजायमान रहा। ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धा का ऐसा सैलाब उमड़ा कि स्टेशन से लेकर मंदिर की 1063 सीढ़ियों तक सिर्फ भक्तों का तांता नजर आया। मेले के पहले दिन शाम तक लगभग 85,000 श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।**



### सुरक्षा के अभेद्य इंतजाम: ड्रोन से निगरानी और वीआईपी एंट्री बैन

लाखों की भीड़ को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। कलेक्टर रानी बाटड ने आम श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए मेले के दौरान वीआईपी दर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह संभाले हुए हैं। 560 पुलिस जवान,2 एडिशनल एसपी,8 डीएसपी और 10 टीआई तैनात किए गए हैं।

### तकनीकी निगरानी: चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए कैमरे

कैमरों के साथ 2 ड्रोन आसमान से निगरानी कर रहे हैं। 14 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अलग-अलग शिफ्टों में व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं।





### भक्तों ने की सराहना

मंदिर प्रांगण में मौजूद प्रबंध समिति के सदस्य सचिन मिश्रा,आलोक अग्रवाल और कृष्णा चौरसिया ने श्रद्धालुओं से संवाद किया। भक्तों ने बताया कि भारी भीड़ के बावजूद पुलिस और प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के कारण दर्शन सुगमता से हो रहे हैं। आने वाले नौ दिनों तक माता के नौ अलग-अलग स्वरूपों-ब्रह्मचारिणी,चंद्रघंटा,कुष्मांडा,स्कंद माता,कात्यायनी,कालरात्रि,महागौरी और सिद्धिदात्री-की विशेष पूजा का क्रम जारी रहेगा।

### अमर योद्धा आल्हा का रहस्य: आज भी होती है पहली पूजा

मैहर धाम सिर्फ एक मंदिर नहीं,बल्कि अनसुलझे रहस्यों का केंद्र भी है। मान्यता है कि 51 शक्तिपीठों में से एक इस स्थान पर माता सती के गले का हार गिरा था।मंदिर का सबसे बड़ा चमत्कार यह है कि रात में कपाट बंद होने के बाद जब सुबह पट खुलते हैं,तो मां की प्रतिमा पर ताजे फूल और चंदन लगा मिलता है। जनश्रुति है कि अमर योद्धा आल्हा आज भी ब्रह्म मुहूर्त में अदृश्य रूप में आकर मां की पहली पूजा करते हैं। मंदिर के पीछे स्थित आल्हा तालाब और उनका अखाड़ा आज भी इस वीर योद्धा की उपस्थिति का प्रमाण देते हैं।

### तड़के 3 बजे खुले पट, आरती से हुआ मंगल आगाज़

मेले के औपचारिक शुभारंभ के साथ ही गुरुवार तड़के 3 बजे मंदिर के कपाट खोल दिए गए।प्रधान पुजारी पवन दाऊ महाराज द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के बाद भोर 4 बजे मां की पहली आरती की गई। आरती के समय पूरा पर्वत 'जय माता दी' के उद्घोष से दमक उठा। बुधवार शाम से ही देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था,जिसके चलते सुबह 5 बजे मैहर रेलवे स्टेशन पर तिल रखने की जगह नहीं बची।

## अटूट आस्था: पैरों से लाचार, पर भक्ति में सराबोर

### 10 साल का नन्हा अमन घिसटते हुए पहुँचा मां शारदा के द्वार



**मैहर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर आज मां शारदा की नगरी मैहर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। जहां लाखों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर मां के दरबार पहुंच रहे हैं,वहीं भक्तों की इस भीड़ में एक ऐसा नन्हा भक्त भी नजर आया जिसकी भक्ति देख हर कोई भावुक हो उठा। सतना जिले के जासो गांव का रहने वाला 10 वर्षीय अमन कुशवाहा बचपन से ही शारीरिक रूप से विकलांग है। चलने-फिरने में असमर्थ होने के बावजूद अमन के हौसले पस्त नहीं हुए। मां शारदा के प्रति उसकी अटूट श्रद्धा उसे घर पर रोक न सकी। वह अपनी मां के साथ आज नवरात्रि के पहले दिन मां के दरबार पहुंचा।

#### श्रद्धालुओं के लिए बना प्रेरणा का केंद्र

मंदिर परिसर में जब लोगों ने इस मासूम को अपनी मां के साथ घिसटते हुए और संघर्ष करते हुए देखा, तो हर किसी की आंखें नम हो गईं।



अमन ने साबित कर दिया कि भगवान की भक्ति के लिए शरीर का सामर्थ्य नहीं,बल्कि मन का विश्वास जरूरी है।

**-मैं बचपन से ही मां का भक्त हूं और आज नवरात्रि पर उनके दर्शन पाकर बहुत खुश हूं।**

**-अमन कुशवाहा**

## मौसम का यू-टर्न: अमरपाटन में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**सतना।** जिले में पिछले 24 घंटों से मौसम के मिजाज में बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। दिन भर सूरज की तपिश और बादलों की आवाजाही के बीच गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट बदली।मौसम विभाग के अलर्ट के बाद अमरपाटन सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई,जिससे पिछले कुछ दिनों से पड़ रही गर्मी से लोगों को खासी राहत मिली है।

#### धूप-छांव के बीच अचानक बदला मिजाज

जिले में सुबह से ही धूप और छांव का खेल जारी था,लेकिन दोपहर बाद अमरपाटन क्षेत्र में आसमान में काली घटाएं छा गईं। देखते ही देखते धूल भरी आंधी चली और फिर झमाझम बारिश शुरू हो गई। बेमौसम हुई इस बारिश ने जहां आम



जनजीवन को प्रभावित किया,वहीं तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। शहर में भी शाम ढलते ही ठंडी हवाओं ने दस्तक दी, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया।

#### तापमान का लेखा-जोखा

वर्तमान में जिले का अधिकतम तापमान 36.7C और न्यूनतम तापमान 21.0C दर्ज किया गया है। हवा में नमी का स्तर (RH) 48/25 प्रतिशत रहा। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि हवा के ऊपरी भाग में बने चक्रवात और नमी के कारण आने वाले एक-दो दिनों तक मौसम का यह रुख बरकरार रह सकता है। रात और सुबह के समय हल्की ठंडक का अहसास बना हुआ है।

## मैहर रेलवे स्टेशन पर यात्री को आया चक्कर, पुलिसकर्मियों की तत्परता से बची जान



**मैहर।**

स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। अपनी सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए जीआरपी के जवानों ने समय रहते एक घायल यात्री को प्राथमिक उपचार दिलाकर अस्पताल पहुँचाया।

#### घटना का विवरण

शाम करीब 4 बजे,प्लेटफार्म नंबर 2 पर एक यात्री अचानक चक्कर खाकर गिर पड़ा। गिरने की वजह से यात्री के सिर में गंभीर चोट आई और वह अचेत हो गया। घटना के समय वहां मौजूद पुलिस आरक्षक अरविंद सिंह और सुबोध मिश्रा ने बिना देर किए मोर्चा संभाला। दोनों पुलिसकर्मियों ने तुरंत घायल को सहारा देकर उठाया और तत्काल रेलवे की मेडिकल टीम को सूचित किया।मौके पर ही यात्री को प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे एम्बुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल मैहर रेफर किया गया।

#### घायल की पहचान

हेमंत रजक (28 वर्ष) निवासी जबलपुर के रूप में हुई है। हेमंत मां शारदा के दर्शन के लिए मैहर आया था। अस्पताल प्रशासन के अनुसार,समय पर उपचार मिलने के कारण अब हेमंत की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## सांदीपनि विद्यालय मझगवां के नवोदय विद्यालय के चयनित छात्रों का अनुभागीय अधिकारी मझगवां द्वारा किया गया पुरस्कृत

**सतना।**



सांदीपनि विद्यालय मझगवां में चयनित छात्रों का सम्मान समारोह समारोहपूर्वक संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभाग राजस्व के अनुविभागीय अधिकारी महिपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड के स्रोत समन्वयक जागेंद्र मणि त्रिपाठी,विद्यालय से प्रभारी प्राचार्य के रूप में पवन कुमार,माधवम ईप्सा फाउंडेशन के संस्थापक आशीष सेन,हाई स्कूल पटना के प्राचार्य राम बहादुर वर्मा जन शिक्षक रमेशचन्द्र विश्वकर्मा माध्यमिक प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार त्रिपाठी क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र कुमार गुप्ता मंचासीन थे। ज्ञात हो कि 2025-26 के लिए सांदीपनि विद्यालय मझगवां के दो छात्र क्रमशः आशीष कुमार पाल और मुकुल शुक्ला का चयन हुआ है जहां आशीष कुमार पाल की जिले में चौथी रैंक है वही मुकुल शुक्ला की जिले में दसवीं रैंक है ऐसे होनहार छात्रों को अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया इसके पूर्व विद्यालय की कार्य योजना को विद्यालय की शिक्षक नागेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा संक्षिप्त रूप में रखी इनके द्वारा बताया गया कि विगत 3 वर्षों से विद्यालय के बच्चों का नवोदय की प्रतियोगिता परीक्षाओं ओलंपियाड की परीक्षाओं में चयन हो रहा है विद्यालय द्वारा इसके लिए विशेष प्रयास किया जा रहे हैं इस वर्ष भी ओलंपियाड में तीन बच्चों तीन छात्रों ने जिले की प्रवीणता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया था जिनका कलेक्टर सतना द्वारा 17 फरवरी को सम्मानित किया गया है यह हमारे लिए गौरव की बात है की इस वर्ष नवोदय की चयन परीक्षा के लिए दो छात्रों का चयन हुआ है इन बच्चों के सम्मान के लिए अनुविभागीय अधिकारी को अपने बीच पाकर हम हृदय से श्रीमान का अभिनंदन करते हैं साथ ही माधवम ईप्सा फाउंडेशन द्वारा की गई निः शुल्क तैयारी के लिए के संस्थापक आशीष कुमार सेन का हृदय से अभिनंदन करते हैं इसके बाद क्रमशः नवोदय की परीक्षा में सफल छात्रों को पुरस्कृत किया गया तथा 2025-26 के लिए कक्षा से चयनित राष्ट्रीय कम मींस परीक्षा में सफल 11 प्रतिभागियों को भी श्रीमान की कर कमल द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही विद्यालय परिवार द्वारा चयनित छात्रों के अभिभावकों का सम्मान साल और श्रीफल से किया गया साथ ही भाई आशीष सेन एवं रमेश रवि को सम्मानित किया गया इस अवसर पर विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंचासीन रहे अतिथियों का आभार प्रदर्शन संस्था के प्रधानाध्यापक दल प्रताप विश्वकर्मा द्वारा किया गया और उनके द्वारा आशा प्रकट की गई की इसी तरह आप सभी का स्नेह और सहयोग विद्यालय को प्राप्त होता रहेगा कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश कुमार गौतम द्वारा किया गया।

## 'राम जागरण यात्रा' के साथ रामनवमी महोत्सव का भव्य आगाज



**सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में गुरुवार को कश्यप शक्ति केंद्र से विशाल वाहन रैली निकालकर नौ दिवसीय श्री रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ किया गया। समाजसेवी महेंद्र जैन और समिति अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया। टिकुरिया टोला से शुरू हुई यह रैली श्री डालीबाबा मंदिर में संपन्न हुई,जहाँ पीठाधीश्वर पीयूष महाराज ने भक्तों का स्वागत किया। समिति के अनुसार,25 मार्च तक नगर के 45 वार्डों में प्रभात रैलियां निकालकर घर-घर आमंत्रण भेजा जाएगा। आयोजन की कड़ी में 24 मार्च को 'शक्ति साधना यात्रा' और 27 मार्च को गुरुद्वारा नानक दरबार से मुख्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। अगला पड़ाव: शुक्रवार, 20 मार्च को प्रातः 7:30 बजे दुर्गा मंदिर प्रेमनगर से अगली राम जागरण यात्रा निकाली जाएगी। समिति के पदाधिकारियों ने सभी रामभक्तों से इस भव्य आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

## मैहर नगर की जलापूर्ति अमिलिया खदान से शुरू हुई



**मैहर।** नगर के भीषण पेयजल संकट को दूर करने के लिए केजेएस प्लांट की अमिलिया खदान से जलापूर्ति नवरात्रि के पावन अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ आरंभ की गई। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी,नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल नितिन ताम्रकार,मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रिंस अग्रवाल,सूर्य प्रकाश चौरसिया,पवन दुबे,आदित्य नारायण शुक्ला,दिनेश मौर्य,मुनि चौरसिया एवं केजेएस सीमेंट प्लांट के अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी इस मौके पर उपस्थित थे।विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने इस अवसर पर बताया कि मैहर नगर के गंभीर पेयजल संकट को दूर करने के लिए पिछले वर्ष अनुसार ही इस वर्ष भी केजेएस सीमेंट प्लांट की खदान अमिलिया के पानी को टेस्ट कर नगर वासियों को जलापूर्ति के लिए प्रदान किया जा रहा है। यह पानी पीने योग्य पाया गया है। मैहर की 60 हजार से अधिक जनमानस को पेयजल प्रदाय होगा। उल्लेखनीय है की मां शारदा की नगरी में नवरात्रि के पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं का आना जाना हो रहा है ऐसे में सभी को बहुत राहत मिलेगी।

## एकेएस विश्वविद्यालय के छात्र का जेके सीमेंट में चयन।



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के बी.टेक सिविल (2026 बैच) के छात्र अविनाश कुमार चौधरी का चयन प्रतिष्ठित कंपनी जेके सीमेंट लिमिटेड में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी सिविल पद पर हुआ है। उन्हें 5.50 लाख रुपये वार्षिक पैकेज प्राप्त हुआ है। यह चयन विश्वविद्यालय में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से हुआ। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं विभाग के शिक्षकों ने छात्र को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के प्रमुख बालेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में लगातार गुणवत्तापूर्ण प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं,जिससे छात्रों का भविष्य सुदृढ़ हो रहा है।

## 28 मार्च तक फसल ऋण जमा करें किसान

**सतना।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सतना द्वारा किसानों को फसल ऋण की समय पर अदायगी के लिए अपील जारी की गई है। बैंक ने बताया कि वर्ष 2025 में लिए गए फसल ऋण की अंतिम देय तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किसानों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित तिथि तक ऋण जमा कर कालातीत होने से बचें। समय पर भुगतान करने पर किसानों को आगे शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर फसल ऋण (नकद एवं वस्तु) का लाभ मिल सकेगा। बैंक प्रबंधन ने यह भी कहा है कि समय पर ऋण अदायगी से सहकारी समितियों और बैंक के विकास में सहयोग मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

## सिमरिया में पागल कुत्ते का आतंक, 6 मासूमों को बनाया शिकार, दहशत में ग्रामीण



**अमानगंज।** अमानगंज सिमरिया कस्बे में आज गुरुवार, 19 मार्च को एक पागल कुत्ते ने जमकर उत्पात मचाया, जिससे पूरे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया है। इस आवारा कुत्ते ने राह चलते करीब आधा दर्जन बच्चों पर अचानक हमला कर उन्हें बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। तीन मासूमों की हालत नाजुक, जिला अस्पताल रेफरकुत्ते के हमले में सबसे ज्यादा चोटें मासूम बच्चों को आई हैं। घायलों में अयान खान (9 वर्ष), ऋषिका वर्मा (6 वर्ष) और प्रिंस वर्मा (12 वर्ष) शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद इन तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया है। लोगो का कहना है कि कुत्ता इतना आक्रामक है कि वह सामने आने वाले हर व्यक्ति पर झपट रहा है। घटना के बाद से परिजनों में भारी आक्रोश और डर है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि खूंखार कुत्ते को तुरंत पकड़ा जाए ताकि किसी बड़ी अनहोनी को रोका जा सके। फिलहाल, लोग अपने बच्चों को घरों से बाहर निकालने में कतरा रहे हैं। यह जानकारी शाम 6 बजे मिली।

## देवेंद्रनगर में इंडेन गैस की व्यवस्था पर गंभीर आरोप जिसने बुक नहीं किया, उसके नाम पर डिलीवरी



**पन्ना।** मुकेश कुमार खरे ने गुरुवार को दोपहर 1 बजे देवेंद्रनगर इंडेन गैस के कर्मचारियों के द्वारा वितरण पर कालाबाजारी के गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी मम्मी के उपभोक्ता नंबर से बिना गैस बुक किए ही उसके नाम पर सिलेंडर बुक और डिलीवर दिखा दिया गया, जबकि उसे गैस मिली ही नहीं। पीड़ति मुकेश कुमार खरे के अनुसार, 25 तारीख को अचानक बुकिंग का मैसेज आया और 5 तारीख को डिलीवरी दिखा दी गई। हैरानी की बात यह है कि सिलेंडर किसी और को दे दिया गया, जबकि उनके खाते में सब्सिडी भी पहुंच गईकृयानी कागजों में सब "सही", जमीन पर सब "गायब"। सवाल यह है कि बिना बुकिंग डिलीवरी कैसे? और सिलेंडर गया कहां? एक ओर प्रशासन कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ऐसे आरोप सिस्टम की हकीकत पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब नजर प्रशासन परकृकार्रवाई होगी या मामला ठंडे बस्ते में जाएगा?

# नवरात्री के प्रथम दिवस में प्रतिवर्ष की तरह दनवारा मोड़ से शारदा मां के मैहर दर्षन करने हेतु साइकिल के जत्थे को सेना के सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी ने किया रवाना

पन्ना।

मां की कृपा पहले दिन जहां सौभाग्य व सपनों को सजोये हुये 21 तारीख को बागेष्वर धाम की कृपा से दनवारा ग्राम की माटी में जन्मी बालिकाओं व नारी सम्मान को समूचे देष के लिये सुबेदार की सोच आयेगी सामने गुरू की कृपा से ही सुअवसर संभव जहां वार्षिक पुरूष्कार वितरण नारी सम्मान वहीं लिंग भेद जैसी कुप्रथा से आगे बढकर बेटी के सम्मान में किस तरह से देष की आन-बान सेना के सुबेदार जो अपने गृह ग्राम का ख्याल रखते हुये हर बेटी के जन्म में माता-पिता को सम्मान के साथ नवाजना वहीं षिक्षा में प्रगति को लेकर भविष्य संवारने में प्रतिस्पर्धा में दिषा तय करने को लेकर 80 प्रतिषत से ऊपर 10वीं व 12वीं के परिणाम में सफलता लाने वाले बच्चों का सम्मान गुरू बागेष्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के कर कमलों से 21 तारीख का समय स्वमेव बनेगा साक्षी नारी सम्मान व बेटियों के सम्मान में अलग-अलग तरह से पर्वतारोही तो तलवार में पारांगत भजन गायिका जैसी अदभुत बेटियों व नारियों का सम्मान बागेष्वर धाम से पन्ना जिले की दनवारा से लेकर जहां सेना में पदस्थ सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी की सोच पिता के संस्कारों के साथ नारी के सम्मान में पत्नि का सहयोग वहीं गुरू की कृपा से संभव

पन्ना। जिले की पवई विधानसभा अंतर्गत दनवारा गांव जो आज समूचे जिले के साथ-साथ प्रदेष व देष वासियों की नजर में जाना जायेगा। चैत्र की नवरात्री की पहले दिन जहां प्रत्येक वर्ष की भांति दनवारा मोड़ से दनवारा गांव के सपूत जो आज वर्तमान समय में सुबेदार पद पर दिल्ली में थल सेना में पदस्थ है जिनकी सोच देष की सुरक्षा के साथ-साथ गांव के विकास व समूचे विधानसभा को लेकर अलग ही दनवारा से चल पड़ी। मां के दर्शन के लिये जो जत्था प्रतिवर्ष मैहर जाता है आज फल-फूल की टोकरी प्रदान करते हुये जत्थे को सुरक्षा के साथ मां के दर्षन के लिये समूचे क्षेत्र की खुषहाली के लिये रवाना किया सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी ने। इतना ही नहीं आने वाली 21 मार्च का दिन जो बागेष्वर धाम की कृपा व गुरू की कृपा से जो समूचे देष में पुष्पेन्द्र तिवारी सुबेदार के द्वारा जो कार्य किये जा रहे है अपने गांव में जन्म लेने वाली बेटियों के सम्मान में माता-पिता को सम्मान से नवाजे जाने को लेकर वहीं हर क्षेत्र में जिन बालिकाओं व नारियों ने अपनी कीर्ति बिखेरी है जैसे पर्वतारोही कु0 गौरी अरजरिया वहीं तलवारबाजी में तथा भजन गायिका के रूप में जिन बेटियों व नारियों ने अपनी प्रतिभा साबित की है वहीं इनका सम्मान इसके साथ-साथ दनवारा गांव से जिन बच्चों ने षिक्षा के क्षेत्र में कक्षा 10वीं व 12वीं में 80 प्रतिषत से अधिक अंक लाकर अपनी षिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभा साबित की इन सभी प्रतिभाओं का सम्मान बागेष्वर धाम में परम पूज्य गुरूदेव धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के कर कमलों से किया जायेगा। यह सौभाग्य सोच व संस्कारों से पिता के आर्षीवाद से गुरू कृपा से संभव होगा वहीं सेना में सच्चे सपूत की तरह सेवा दी वहीं गांव के लोगों के लिये भविष्य संवारने की सोच साथ ही पन्ना जिले का अनुपम हीरा सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी जिनकी कार्यप्रणाली की सोच बागेष्वर धाम से स्वयं परम पूज्य गुरूदेव के करकमलों से जहां बेटियों का सम्मान नारियों का सम्मान षिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आने वालों का हौसला अफजाई उनके माता-पिता को दिल्ली भ्रमण के लिये प्लेन से रवाना करने की कार्यप्रणाली जहां बागेष्वर धाम के मंच से 21 मार्च के दिन स्वयं ही समूचे देष के लिये कार्य प्रणाली सेना में पदस्थ सुबेदार की सोच के चलते वहीं गुरू कृपा से समूचे देष में जाना जायेगा किसा तरह से सेना में पदस्थ रहते हुये सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी स्वयं अपनी धरम पत्नि के साथ अपनी टीम को विष्वास से संजोये हुये गांव से लेकर क्षेत्र व जिले के लिये दिषा दे रहे है। यह क्षण स्वयं ही साक्षी बनेंगे प्रदेष व देष में जाना जायेगा क्योंकि बागेष्वर धाम वर्तमान समय में स्वयं ही जहां इस स्थान की महिमा जो समूचे देष प्रख्यात है कौन सुकाज कठिन जगमाही जो नहीं होत ताति तुम पाहीं यह आर्षीवाद जहां परम पूज्य गुरूदेव धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी की कृपा व मार्गदर्षन से दनवारा की माटी से लेकर पन्ना जिले के हीरे की सोच जानी जायेगी।





## गोली लगने पर घायल हुआ 14 वर्षीय बालक, कटनी रेफर, मामले की जांच में जुटी पुलिस



पन्ना।

थाना शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुडोर गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां चार-पांच नाबालिगों के खेलने के दौरान एक 14 वर्षीय बालक को रक्त रंजित अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया,जिसके पेट में गोली लगने का घाव था। घटना की खबर मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, लक्ष्य चौधरी (14 वर्ष) पिता शीष कुमार चौधरी,निवासी शाहनगर सुडोर शाम को खेत में दोस्तों के साथ खेलने गया था,बाद में उसे गंभीर हालत में शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। डॉ.आशीष तिवारी ने इसकी जानकारी तुरंत थाना शाहनगर दी, जिसके बाद शाहनगर पुलिस बल के एएसआई शिवेन्द्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक रामपाल बागरी और सलीम खान पहुंचे जहां परिजनों और घायल नाबालिग के कथन लिए गए। घायल की स्थिति में सुधार न होने पर बाद में उसे पड़ोसी जिला कटनी रेफर किया गया। जानकारी मिलते ही शाहनगर पुलिस भी कटनी पहुंच गई जहां मामले जांच की जा रही है कि आखिरकार उसे गोली कैसे लगी?

### इनका कहना है-

जानकारी मिली है कि शाहनगर थाना क्षेत्रांतर्गत सुडौर गांव में एक नाबालिग की गोली लगने से जख्मी हुआ है जांच की जा रही है और परिजनों से भी पूछताछ जारी है कि गोली कैसे लगी।

**परसराम डाबर, टीआई शाहनगर**

## नो एंट्री में धमा-चौकड़ी, अमानगंज में बेलगाम भारी वाहन, प्रशासन मौन

अमानगंज।

नगर में लागू नो एंट्री के नियमों को दरकिनार कर भारी वाहन दिनभर सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। हालात यह हैं कि मुख्य बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रक, डंपर और अन्य बड़े वाहन खुलेआम प्रवेश कर रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। चैत्र नवरात्रि के चलते नगर में श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की आवाजाही पहले से ही बढ़ी हुई है। ऐसे में भारी वाहनों का प्रवेश लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति बन रही है, वहीं दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा नो एंट्री का नियम तो लागू किया गया है, लेकिन उसका पालन कराने में पूरी तरह लापरवाही बरती जा रही है। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद बड़े वाहनों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। व्यापारियों और नागरिकों ने मांग की है कि नवरात्रि जैसे भीड़भाड़ वाले समय में नो एंट्री का सख्ती से पालन कराया जाए और नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि नगर में सुचारु यातायात व्यवस्था बनी रह सके।

## नव वर्ष अभिनंदन समारोह, भक्ति, आस्था और उल्लास से सराबोर हुआ श्री प्राणनाथ मंदिर





### सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति सम्पन्न हुए भव्य धार्मिक आयोजन

पन्ना।

नगर के श्री प्राणनाथ मंदिर में 19 मार्च को नव वर्ष अभिनंदन समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। श्री विजय अभिनंदन बुद्ध की शाखा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट, पांच पद्मावती धाम के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सुंदरसाथ ने भाग लिया।

### प्रातःकालीन पूजन से हुई शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल विशेष पूजा-अर्चना, मंगल आरती, चारों मंदिरों के दर्शन एवं भजन-कीर्तन से हुई। मंदिर परिसर में भक्ति का वातावरण बना रहा और श्रद्धालु पूरे समय धार्मिक रस में सराबोर रहे।

### ध्वजारोहण एवं प्रसाद वितरण

श्री प्राणनाथ चौक पर परंपरानुसार ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, ट्रस्टी, पुजारी, विद्वान, विदुषी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग एवं युवा उपस्थित रहे जिनका उत्साह देखते ही बन रहा था।

### धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

रात्रि में मंदिर परिसर में बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें धार्मिक प्रवचनों के माध्यम से नव वर्ष के महत्व एवं आध्यात्मिक जीवन पर प्रकाश डाला गया।

### हरिद्वार कुंभ की ऐतिहासिक परंपरा का स्मरण

कार्यक्रम में विक्रम संवत 1735 (1678 ई.) के हरिद्वार कुंभ के ऐतिहासिक प्रसंग का भी स्मरण किया गया, जब महामति श्री प्राणनाथ जी ने विभिन्न संप्रदायों के आचार्यों से शास्त्रार्थ कर विजय प्राप्त की थी और उन्हें विजयाभिनंद बुद्ध निष्कलंकावतार के रूप में मान्यता दी गई थी।

### आस्था और सद्भाव का संदेश

आयोजन का मुख्य उद्देश्य आध्यात्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाना एवं समाज में धर्म, संस्कृति और सद्भावना का प्रसार करना रहा। कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता कर नव वर्ष का स्वागत किया।

## स्वच्छता का संकल्प, जल संरक्षण की मुहिम, अमानगंज में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

अमानगंज।

नगर परिषद अमानगंज द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक की उपस्थिति में नप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान के तहत मीड़ासन नदी के पुल घाट पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी ने श्रमदान कर घाट क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया और जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्षदगण, सीएमओ, पत्रकार बंधु, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का संदेश दिया। यह अभियान केवल एक दिन की पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी से संचालित एक निरंतर प्रयास है, जो नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अपीलरू नगर परिषद ने नागरिकों से जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी बनाने और स्वच्छ अमानगंज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है।



### नवोदय विद्यालय में सलेहा क्षेत्र के पांच बच्चों का हुआ चयन

**पन्ना।** जिले की गुनौर तहसील अंतर्गत आने वाले सलेहा क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाली बात सामने आई है सलेहा क्षेत्र से एक साथ पांच बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय रामखिरिया पन्ना के लिए हुआ है जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है चयनित बच्चों में आराध्या चौरसिया पिता रुद्रप्रताप चौरसिया, आद्या चौरसिया पिता नरेंद्र कुमार चौरसिया,ईशानी सिंह पिता ज्ञान सिंह,अनु वर्मा पिता धर्मदास वर्मा,शिवा प्रजापति पिता आर. डी. प्रजापति का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है बच्चों के चयन पर माता पिता गुरुजन सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। छात्रों की उक्त सफलता पर सौरभ नवोदय एकेडमी सलेहा के संचालक सौरभ चौरसिया, ।त्ड स्कूल कटरा सलेहा के संचालक मनोज विश्वकर्मा, वी. डी. कान्वेंट स्कूल जो हिंदी मीडियम है वी डी कॉन्वेंट पटना तमोली संचालक सहित प्रदीप चौरसिया, ज्ञानचंद चौरसिया, दुर्गेश चौरसिया, अंजली, चौरसिया, मधु चौरसिया, प्रिया चौरसिया सहित समस्त क्षेत्र वासियों ने बधाइयां दी हैं।



# सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनभागीदारी से होगा जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य पवई विधायक ने बनौली में किया तृतीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

### निकाली गई कलश यात्रा, स्वच्छता साथियों का हुआ सम्मान

### स्थानीय विधायक एवं जिला कलेक्टर द्वारा चैत्र नवरात्र पर बनौली में लगने वाले मां कंकाली कुंआताल मेला की आवश्यक तैयारियों और प्रबंध की समीक्षा भी की गई

पन्ना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जल संरक्षण की दिशा में कारगर एवं सार्थक प्रयास शुरू किया गया है। इस क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार निरंतर तीसरे वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया है। आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले इस अभियान में प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व की जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार सहित नदी घाटों पर सामाजिक भागीदारी से साफ सफाई अभियान आयोजित किया जाएगा। जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तथा इस महत्वाकांक्षी अभियान की सफलता के उद्देश्य से सामाजिक उत्तरदायित्व और जनभागीदारी आवश्यक है। पवई विधायक प्रह्लाद लोधी ने गुरुवार को ग्राम बनौली स्थित कुंआताल मेला परिसर में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर उक्त उद्गार व्यक्त किए। इस मौके पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई और कलश के जल को तालाब में प्रवाहित कर जल संरक्षण एवं पानी बचाने का संकल्प लिया गया।



विधायक श्री लोधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पानी बचाने की यह मुहिम वर्तमान समय में घटते जल स्तर की रोकथाम में सहायक होने के साथ ही पेयजल सहित कृषि सिंचाई के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने कहा कि अभियान में खेत तालाब जैसी कार्यों के क्रियान्वयन से पानी का बेहतर और समुचित उपयोग सुनिश्चित होगा। विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के जरिए जनकल्याण सुनिश्चित किया जा रहा है। पीएम आवास, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से वंचित और गरीब तबके के लोग लाभांवित हो रहे हैं। उन्होंने अभियान अवधि में कार्यों की सतत मॉनिटरिंग तथा जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी के साथ ही जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के लिए भी कहा। विधायक ने प्राकृतिक खेती सहित गौपालन और दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी की आवश्कता पर जोर दिया तथा नशामुक्त समाज बनाने की दिशा में सर्वसमाज से भागीदारी का आह्वान भी किया। उन्होंने युवाओं को हर प्रकार के नशा से दूर रहने की नसीहत दी। विधायक श्री लोधी ने उपस्थितजनों को विक्रम सम्वत 2083 एवं हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने कहा कि आम जनता की भागीदारी से जल गंगा संवर्धन अभियान का सफल क्रियान्वयन संभव हो सकेगा। अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सभी जल संरक्षण का संकल्प लें। स्वच्छता की आदत विकसित करें और जिम्मेवारी के साथ हमारे पूर्वजों द्वारा निर्मित प्राचीन तालाब, बावड़ियों इत्यादि की साफ सफाई में महत्वपूर्ण योगदान दें। समस्त जल स्त्रोतों में सफाई की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए जिपं अध्यक्ष ने कहा कि इस





अभियान में युवा भी बढ़चढ़ कर आगे आएं और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने जल स्त्रोतों के सर्वांगीण विकास और पुनरुत्थान की आवश्कता बताई और जलदूत के रूप में पंजीयन करवाने का आग्रह किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहनी मिश्रा ने तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान के आयोजन को सराहनीय बताया और जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज जल की आवश्कता सर्वोपरि है। यह अभियान जल संरक्षण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण लिए भी सहायक है। इसलिए अभियान में प्रत्येक व्यक्ति अपना उत्कृष्ट योगदान देकर भागीदार बनें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने 19 मार्च से 30 जून तक संचालित होने वाले अभियान में तालाब और खेत तालाब सहित अमृत सरोवर, डगवेल रिचार्ज आदि के निर्माण व जीर्णोद्धार कार्यों की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। साथ ही विभिन्न विभागों के समन्वय से जनपद पंचायत क्षेत्र और नगरीय निकायों में विभिन्न गतिविधियों की कार्ययोजना की जानकारी दी। साथ ही गत वर्ष के अभियान में संपादित कार्यों की जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम में कलेक्टर ऊषा परमार, एसडीएम समीक्षा जैन, एसडीओपी भावना सिंह दांगी, जपं सीईओ अखिलेश उपाध्याय, जपं उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह, पुष्पराज सिंह, अरुण चौरसिया, सरपंच विमला आदिवासी भी उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### 20 किलोमीटर पदयात्रा कर मांझी समाज ने जताई नाराजगी: बिजावर में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**न्याय न मिलने पर जल सत्याग्रह की चेतावनी, मातगुवा से बिजावर तक चली यात्रा**

**बिजावर।** मांझी समाज ने अनुसूचित जनजाति में माझी के समान सुविधाएं प्रदान करने और पिछड़ा वर्ग सूची से अपना नाम विलोपित करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले 17 मार्च 2026 को मंगलवार को बिजावर क्षेत्र के मातगुवा गांव से करीब 20 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली गई। समाज के सैकड़ों लोग पैदल चलकर लगभग छह घंटे में बिजावर पहुंचे और वहां एसडीएम के समक्ष मुख्यमंत्री के नाम एक 10 सूत्री ज्ञापन सौंपा।

पदयात्रा के दौरान समाज ने अपनी नाराजगी जाहिर की और कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वे जल सत्याग्रह करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन में प्रमुख मांगें रखी गईं कि मांझी समाज के साथ भोई, ढीमर, केवट, मल्लाह, बिंद आदि को पिछड़ा वर्ग सूची क्रमांक 12 से विलोपित किया जाए और उन्हें माझी जनजाति के समान अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाए। इसके अलावा तालाबों की पंजीकृत मत्स्य सोसायटियों से जमा की जाने वाली राशि के बराबर पानी का हिस्सा समितियों को दिया जाए। सामंती और प्रभावशाली लोगों द्वारा तालाबों पर किए जा रहे कब्जे पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन में बाजारों में व्यवसाय के लिए नियत स्थलों की उपलब्धता और उनकी सुरक्षा बढ़ाने, मांझी आरक्षण को 1950 के दस्तावेजों के आधार पर लागू करने सहित अन्य कई मुद्दों पर जोर दिया गया। पदयात्रा का नेतृत्व मांझी महासचिव सुन्दरलाल रैकवार ने किया। बिजावर क्षेत्र के अलावा जिले के विभिन्न स्थानों से मांझी, रैकवार और ढीमर समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

1 अप्रैल से शुरू होगा गुरुकुलम का सत्र, 150 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

### बागेश्वर धाम गुरुकुलम में प्रवेश परीक्षा से 50 विद्यार्थियों का होगा चयन



**छतरपुर।** सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम न केवल आस्था और सनातन संस्कृति व परंपराओं के प्रचार प्रसार का प्रमुख केंद्र बनकर सामने आया है बल्कि वैदिक शिक्षा देने के लिए भी आगे आ रहा है। बीते दिनों धाम में गुरुकुलम की शुरुआत की गई थी। शुरू किए गए गुरुकुलम में पहले सत्र में 50 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। बुधवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई जिसमें डेढ़ सौ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। लिखित परीक्षा के बाद मौखिक परीक्षा के माध्यम से 50 विद्यार्थियों का चयन किया जा रहा है। 1 अप्रैल से शिक्षा विभाग के नए शिक्षण सत्र के साथ ही गुरुकुलम का शिक्षा सत्र शुरू हो जाएगा।
आचार्य राजा पांडे ने बताया कि गुरुकुलम में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। गुरुकुलम के प्रथम सत्र में कुल 50 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह से योग्यता के आधार पर की जा रही है ताकि योग्य और प्रतिभाशाली छात्रों को पारंपरिक एवं आधुनिक शिक्षा का समन्वित अवसर मिल सके।उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से गुरुकुलम का नया शिक्षा सत्र शुरू होगा। इस गुरुकुलम में विद्यार्थियों को वैदिक ज्ञान, भारतीय संस्कृति, नैतिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक विषयों की भी शिक्षा दी जाएगी।गुरुकुलम का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाना है, बल्कि उन्हें संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना भी है। अपने विद्यार्थियों को परीक्षा दिलाने लेकर आए अभिभावकों को बागेश्वर धाम जन सेवा समिति की ओर से भोजन की व्यवस्था की गई।

**जिलें में आये दिन रिश्वतखोरी के मामले सामने आते रहते है इन मामलों में सबसे अधिक पटवारी**

# मुआवजा राशि दिलाने के एवज में पटवारी ने महिला से मांगी 50 हजार की रिश्वत, लोकायुक्त सागर पुलिस ने रंगे हाथ पटवारी को पकड़ा

छतरपुर।

जिलें में आये दिन रिश्वतखोरी के मामले सामने आते रहते है इन मामलों में सबसे अधिक पटवारी शामिल है। गुरूवार को लोकायुक्त सागर की टीम ने किशनगढ़ क्षेत्र के नैगुवा पटवारी राहुल अग्रवाल को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए कलेक्ट्रेट के सामने रंगे हाथों पकड़ लिया। शहर के यातायात थाना ले जाकर समूची कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार ग्राम नैगुवा निवासी शांगुन्ती बाई सौर की भूमि केन बेतवा लिंक परियोजना में आ रही थी और उस जमीन के बदले में शासन द्वारा उसकी पुत्री के खाते में 12.50 लाख रूपए जमा किए गए थे। लेकिन यह राशि मिलने के बाद पटवारी राहुल अग्रवाल महिला शंगुन्ती बाई सौर से 1 लाख 60 हजार की मांग कर रहा था। पटवारी राहुल अग्रवाल की मांग पर शगुंन्ती बाई ने 40 हजार रूपए दे भी दिए थे लेकिन पटवारी द्वारा और रूपए मांगे जा रहे थे। जिसकी शिकायत पीड़ित महिला शगुन्ती बाई सौर ने लोकायुक्त पुलिस सागर से की और सागर


पटवारी-राहुल अग्रवाल

लोकायुक्त पुलिस की टीम ने योजनाबद्व तरीके से टैप की कार्यवाही करवाई और गुरूवार को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए पटवारी राहुल अग्रवाल को कलेक्ट्रेट के गेट पर लोकायुक्त पुलिस ने दबोच लिया। सागर से आई हुई लोकायुक्त की टीम में टीआई रोशनी जैन के अलावा 7 सदस्य शामिल रहे। तो वहीं पटवारी को मुचलके पर छोड़ दिया गया है।

### शहर में कई पटवारियों के चल रहे बीआईपी कार्यालय, बिना सुविधा शुल्क के नही बढ़ते नामांतरण पटवारी की आईडी से आगें, कब होगी कार्यवाही -

जिला मुख्यालय के नजदीकी हल्कों के कई पटवारियों के बीआईपी कार्यालय चल रहे है। इन कार्यालयों में 2 से 4 लड़के बकायदा कम्प्यूटर्स में काम रहे है। और पटवारी उन्हें 8 से 10 हजार रूपए मासिक बेतन भी देते है। अब यह भी जांच का विषय है कि पटवारियों के दफ्तर में जो लड़के काम कर है। उनके बेतन देने के लिए पटवारी धनराशि कहां से जुटाते है। क्या प्रशासन कोई अलग से राशि पटवारियों को देता है जो पटवारी इन लड़कों के काम के एवज में भुगतान करते है। पटवारियों के ठाटबाट और आलीशान बगले देखकर सहज ही लोग अन्दाजा लगा सकते है कि पटवारियों की ऊपरी आमदनी कितनी है। पटवारी कहीं और से नही बल्कि किसान का खून चूसकर ही अबैध कमाई कर रहे है, फिर भी मुख्यालय के अधिकारी मौन है।

शासन का कहना है कि 15 दिन में रजिस्ट्री के नामांतरण स्वत क्रेता द्वारा रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आ जाएगा। यह बात कहने भर के लिए बढ़िया है लेकिन हकीकत में यह है जब तक पटवारी की सुविधा शुल्क 5-7 हजार नहीं मिल जाती तब तक नामांतरण आगे नहीं बढ़ता। शहर के रजिस्ट्री कार्यालय में लगभग 80-90 से ऊपर रोज रजिस्ट्री हो रही हैं, प्रत्येक रजिस्ट्री के 2-3 हजार रुपये रजिस्ट्री कार्यालय में फिक्स है। शहर से सटी बगोता हल्का में कई अवैध कालोनियों में बन रही और प्लाटिंग हो रही हैं। बगोता पटवारी की मेहरबानी से यह अवैध कारोबार रात दिन चल रहा है।

जिला मुख्यालय छतरपुर के नजदीकी पटवारी हल्का जैसे बगौता, सौरा, बृजपुरा, सरानी, पनौठा, पठापुर, चंद्रपुरा, ललौनी, सहित कई हल्कों के पटवारियों की मिलीभगत से शासकीय जमीनों की खुलेआम रजिस्ट्री हो रही है। और नामातरंण के दौरान पटवारी हितग्राही से 5 से 7 हजार रूपए लेकर नामांतरण कर रहे है। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि रजिस्ट्री होने के बाद 15 दिन के अदंर नामांतरण स्वतः हो जाएगा, लेकिन देखा यह जा रहा है कि पटवारी अपनी आईडी से नामांतरण प्रकरण तब तक आगे नही बढाते है।



# मोबाइल फाइनेंस के जाल में फंसा युवक, मानसिक प्रताडना के चलते दी जान

छतरपुर।

मोहल्ले के कुछ युवकों द्वारा मृतक के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मोबाइल फाइनेंस के जरिए लोन निकालने का मामला सामने आया है। इस घटना से परेशान होकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली।

मामला नट मोहल्ला वार्ड क्रमांक 1 का है, जहां 24 वर्षीय नवशाद उर्फ टीपू खान, पिता अफजल खान ने अपने घर के पीछे साइड पिलर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

परिजनों का आरोप है कि मोहल्ले के ही सलमान सहित कुछ लोगों ने नवशाद के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल करते हुए मोबाइल फाइनेंस के जरिए लोन निकाल लिया था। इसी बात को लेकर युवक काफी समय से मानसिक रूप से परेशान था, जिसके चलते उसने यह कदम उठा लिया।

मोहल्ले के लोगों ने इसके कागज लगाकर लोन निकाल लिया था, उसी से ये बहुत परेशान था फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और परिजनों के आरोपों के आधार पर संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

# अज्ञात वाहन ने मजदूर को कुचला, मौके पर मौत

## क्षत-विक्षत शव मिला, पुलिस सीसीटीवी जांच में जुटी

छतरपुर।

शहर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में देर रात एक भयावह सड़क हादसे में ट्रक बॉडी मेकर का काम करने वाले एक मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कटरा महोला, हनुमान मंदिर, महोबा रोड निवासी गंजू रैकवार (35) के रूप में हुई है। अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया, जिससे उसका शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में मिला।

जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात हादसा होने के बाद सुबह ट्रांसपोर्ट नगर में पहुंचे लोगों ने सड़क किनारे पड़ा शव देखा। तुरंत सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। ओरछा रोड थाना क्षेत्र की यह घटना है। थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक की पहचान करने के बाद परिजनों को बुलाया गया।



परिजनों के मुताबिक, गंजू रैकवार ट्रक बॉडी मेकिंग का काम करता था। उसके परिवार के गौरेलाल रैकवार ने बताया कि मृतक की पत्नी अस्वस्थ होने के कारण अपनी दोनों बेटियों को लेकर मायके गई हुई थी। आशंका है कि हादसा देर रात हुआ, जब वह अकेला था। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों ने हादसे को बेहद भयावह बताया।

पुलिस ने मौके पर पंचनामा पूरा कर शव को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस अब अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल कर रही है ताकि आरोपी वाहन और चालक का पता लगाया जा सके। यह घटना स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर रही है, क्योंकि ट्रांसपोर्ट नगर जैसे व्यस्त इलाके में रात के समय सड़क सुरक्षा की कमी चिंता का विषय बनी हुई है।

## विक्रमोत्सव 2026 अंतर्गत सूर्य उपासना कार्यक्रम सम्पन्न



### ब्रह्मध्वज किया गया स्थापित, सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाट्य की हुई प्रस्तुति

**छतरपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में संस्कृति विभाग द्वारा विक्रमोत्सव 2026 अंतर्गत जिला स्तर पर सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छतरपुर विधायक ललिता यादव के मुख्य आतिथ्य में शहर के ऑडिटोरियम में गुरुवार को सूर्य उपासना का जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, पीओडूडा साजिदा कुरैशी सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्ज्वल के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग एवं म.प्र. नाट्य विद्यालय भोपाल द्वारा चयनित दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाट्य मंचन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का अतिथियों एवं आमजन को वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा ब्रम्हध्वज का पूजन किया गया। साथ ही जिलेवासियों को हिन्दू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। विधायक ललिता यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है आज हमारा हिंदू नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए कहा कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में विक्रमोत्सव, और सूर्य उपासना का कार्यक्रम हुआ है। साथ ही हिंदू नव वर्ष, गुड़ी पड़वा का महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा आज का दिन चैत्र नवरात्रि का महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा शहर में रामनवमी पर विशाल शोभायात्रा निकलती है। उन्होंने कहा सभी लोग उसमें शामिल हों। साथ ही अपने घरों में भगवा ध्वज लगाएं।

**सोना-चांदी के जेवरात, नकदी और सिलेंडर ले गए चोर**

# छतरपुर के घिनौची गांव में एक रात में 6 घरों में चोरी

## डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम जांच में जुटी

छतरपुर

जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घिनौची में चोरी की एक बड़ी और हैरान करने वाली वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक ही रात में छह घरों को निशाना बनाया और सोना-चांदी के जेवरात, नकदी तथा एलपीजी गैस सिलेंडर चुरा लिए। चोरों की हिम्मत देखिए कि उन्होंने घरों में रखा खाना भी खा लिया। ग्रामीणों के अनुसार चोरी हुए सिलेंडरों की संख्या तीन से चार बताई जा रही है। बढ़ती गैस कीमतों के बीच अब सिलेंडर चोरी की घटनाएं भी आम हो रही हैं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक गांव के लोग रात में गहरी नींद में सो रहे थे। चोरों ने सुनसान का फायदा उठाकर घरों के ताले तोड़े और अंदर घुसकर सामान लूट लिया। सुबह जब लोग जागे तो ताले टूटे मिले और घरों का सामान गायब पाकर उनके होश उड़ गए। जांच में पता चला कि पूरे गांव में एक साथ छह घरों में चोरी हुई है।

चोरों ने सीमा सेन, नरेंद्र कुमार सेन, बंदू सेन, बल्देव अहिरवार, सतीश बुनकर और धरम अहिरवार के घरों को निशाना बनाया। इनमें से कुछ मकान मालिक बाहर रहते हैं, इसलिए चोरी गए सामान का सही आंकलन अभी नहीं हो सका है।

बड़ामलहरा एसडीओपी रोहित अलावा ने बताया कि सभी घरों में चोरी का तरीका एक समान है, जिससे संकेत मिलता है कि यह किसी एक संगठित चोर गिरोह की वारदात है। पुलिस टीम, डॉग स्क्वॉड और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारी बताते हैं कि जांच पूरी होने और मकान मालिकों के लौटने के बाद ही चोरी के सामान तथा नुकसान की सही जानकारी सामने आएगी। फिलहाल पूरे इलाके में सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है।

**दोषियों पर कार्रवाई और मृतक परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग**

# दुर्घटना में युवक की मौत, न्याय व आर्थिक सहायता की मांग को लेकर समाज ने सौंपा ज्ञापन

छतरपुर।

अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्य समाज इकाई छतरपुर ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर मृतक युवक अंकित गुप्ता के मामले में निष्पक्ष जांच और आर्थिक सहायता की मांग की है।



ज्ञापन के माध्यम से मृतक के भाई मिंटू गुप्ता ने बताया कि ग्राम राजापुर पोस्ट पंचमपुर थाना चंदला निवासी अंकित गुप्ता, जो नोएडा में एक कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे, 2 जनवरी 2026 को ड्यूटी पर जाते समय इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर का शिकार हो गए। घायल अवस्था में उन्हें सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर ईएसआईसी हॉस्पिटल सेक्टर-24 रेफर किया गया, फिर निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 6 जनवरी की रात उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ईएसआईसी अस्पताल ने इलाज संबंधी दस्तावेज देने से इनकार कर दिया तथा पुलिस ने भी प्रारंभ में रिपोर्ट दर्ज नहीं की। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत के बाद 14 फरवरी को सेक्टर-49 गौतमबुद्ध नगर में एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन अब तक कोई ठोस जांच नहीं हुई।

समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और मृतक परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की। इस दौरान समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

**चना, मसूर कि फसलों की गिरदावली में फर्जीवाड़ा उजागर होने पर प्रभारी कलेक्टर ने पटवारियों को दौड़ाया खेत - खेत, कई पटवारियों के चेहरों पर हबाईयां उड़ना शुरू**

# प्रभारी कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया ने फर्जी पंजीयनों/ गिरदावली की एसडीएम, तहसीलदार को जांच कर कार्रवाई के दिए निर्देश

**छतरपुर।** प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पटवारी खेत पर जाकर गेहूं, चना, सरसों एवं मसूर फसलों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एसडीएम द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। नए सर्वेयरों के कार्यों का सत्यापन तहसीलदार करेंगे, जबकि एसडीएम इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। सिकमी बटाईदारों के एफिडेविट एवं फसल अनुबंधों की जांच के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में बिचौलियों को गलत लाभ नहीं मिलना चाहिए। फसल सत्यापन में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित पटवारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। गौरिहार एसडीएम को पचवारा सोसायटी के पंजीयन की सूची निकालकर जांच करने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक पंजीयन और दूरस्थ क्षेत्रों से पंजीयन कराने वजह स्पष्ट हो सके।


फर्जी पंजीयन/ गिरदावली?

लगातार फर्जी गिरदावली एवं पंजीयन के संबंध में समाचार पत्र में खबरें प्रकाशित हो रही थी तो इन खबरों को प्रभारी कलेक्टर ने इसलिए गंभीरता से लिया क्योंकि उन्होंने स्वयं ग्राम पीरा में गिरदावली में फर्जीवाड़ा पकड़ा था। इसलिए प्रभारी कलेक्टर ने पटवारियों पर एक्शन लेते हुए उन्हें खेत खेत जाकर फसलों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। ऐसा न करने पर सख्त कार्यवाही की भी चेतावनी दी गई। प्रभारी कलेक्टर की इस चेतावनी से अब उन पटवारियों के चेहरों पर हबाईयां उड़ रही है। जिन्होंने ए.सी. में बैठकर फसलों का फर्जी सत्यापन दिखा कर गिरदावली कि खानापूर्ति की थी। अब निश्चित है कि जिला प्रशासन के इस कड़े रूख से जहां फर्जीवाड़ा करने वाले पटवारियों पर गाज गिरेगी। वहीं इस फर्जीवाड़े में संलिप्त समिति प्रबधकों पर भी कार्यवाही हो सकती है। साथ ही उन किसानों के नाम भी उजागर होगें जिन्होंने समर्थन मूल्य पर अधिक लाभ पाने के लिए चना, मसूर कि फसल पंजीयन में दिखाई। साथ ही अब इस बात की भी जांच की जा रही है कि जिन किसानों ने दूर दराज की समितियों में जाकर पंजीयन कराया उसके कारणों और परिस्थितयों की भी जांच की जा रही है कि किन कारणों से किसान को दूर दराज की समिति में जाकर पंजीयन कराना पड़ा।

### गौरिहार बकस्वाहा चंदला में सबसे अधिक फर्जीवाड़ा -

जानकारी के अनुसार फसलों के पंजीयन में गौरिहार, बकस्वाहा और चंदला तहसील में मसूर चना और सरसों के पंजीयन में सबसे अधिक फर्जीवाड़ा किया गया है। इन तीनों तहसीलों के पंजीयन की विशेष कर जांच कराई जानी चाहिए। इसी तरह गौरिहार और चंदला तहसील भी यूपी के बांदा जिले की सीमा से लगे हुए है। बांदा जिले में चना और मसूर की खेती सबसे अधिक होती है और अब इन फर्जी पंजीयनों पर यूपी की मसूर व चना गौरिहार व चंदला तहसील के किसानों के पंजीयन पर बिकेगा। आखिर इन तीनों तहसीलों की जांच कराकर कब दोषी पटवारियों पर कार्यवाही होगी।

# आकाशवाणी कैंपस में घुसा कबर बिज्जू, किया सुरक्षित रेस्क्यू




**छतरपुर।** शहर स्थित आकाशवाणी कैंपस में उस समय हड़कंप मच गया जब स्टूडियो के अंदर एक कबर बिज्जू दिखाई दिया। अचानक वन्यजीव के दिखने से वहां मौजूद कर्मचारियों में दहशत का माहौल बन गया और पूरे कैंपस में इसकी सूचना तेजी से फैल गई।
घटना की जानकारी मिलते ही कैंपस कर्मचारियों ने तत्काल वन विभाग को सूचित किया और स्नेक सेवक सुनील प्रजापति को मौके पर बुलाया। सूचना मिलते ही सुनील प्रजापति मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक कबर बिज्जू का रेस्क्यू किया।रेस्क्यू के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए वन्यजीव को बिना किसी नुकसान के पकड़ा गया। इसके बाद उसे सुरक्षित तरीके से जंगल में छोड़ दिया गया।

## खबर संक्षेप

### जल ही जीवन है, इसका सदुपयोग करें - सीईओ

**रीवा ।** जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जनभागीदारी से कार्य कराए जाएंगे। इसी क्रम में रीवा जनपद के ग्राम पंचायत अगडाल में "जल गंगा संवर्धन अभियान" का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर के नेतृत्व में जेलुका तालाब परिसर में सामूहिक श्रमदान किया गया। लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में फैले इस तालाब के संरक्षण का संकल्प लेते हुए उपस्थित ग्रामीणों को जल बचाने और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जल ही जीवन है। इसका सदुपयोग करना आवश्यक है। यदि हम अभी सचेत नहीं हुए तो आने वाले समय में पानी की बड़ी समस्या सामने आएगी। अतः सभी का दायित्व है कि जल संरक्षण व संवर्धन के लिए आगे आएं और अपनी सहभागिता निभाएं। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया और तालाब संरक्षण में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत रीवा की अध्यक्ष संगीता राजेश यादव, उपाध्यक्ष सुनीता बृजेंद्र द्विवेदी,परियोजना अधिकारी शिव सोनी, सीईओ पूनम दुबे, सहायक यंत्री अनिल तिवारी, उपयंत्री अरुण पटेल, ग्राम पंचायत अगड़ाल के सरपंच अरविंद दुबे सहित रामलाल गौतम और डॉ. लालबिहारी मिश्रा उपस्थित रहे। जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के ग्राम पंचायत गेरूई में जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी ने किया। इसी प्रकार जनपद त्योंथर के चुनरी ग्राम पंचायत में जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया गया। सिरमौर जनपद के खैरहन पंचायत अंतर्गत देमान तालाब में आयोजित जल संरक्षण के कार्य में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों सहित ग्रामीणजनों ने अपनी सहभागिता निभाई। सभी के सहयोग से तालाब से गाद निकालकर जल संरक्षण अभियान की शुरूआत की गई। जवा जनपद के जल संरक्षण अभियान कार्यक्रम में अधिकारियों और ग्रामीणजनों ने मिलकर झलवा गांव में अमृत सरोवर में जल संरक्षण के कार्य में अपनी सहभागिता निभाई।

### कृषि विज्ञान केंद्र में कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा संपन्न, उन्नत खेती और तकनीक पर हुआ मंथन

**रीवा ।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र रीवा में एक वृहद कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। उपसंचालक सह परियोजना संचालक 'आत्मा' के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर आधुनिक कृषि तकनीकों और नवीन सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अजय कुमार पाण्डेय ने किसानों को समसामयिक कृषि कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से सलाह दी कि सरसों की कटाई के बाद खेत खाली न छोड़ें। अतिरिक्त आय के लिए ग्रीष्मकालीन मूंग और सब्जियों की खेती करें। उचित प्रबंधन से जायद के मौसम में किसान अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं। संयुक्त संचालक कृषि यू.पी. बागरी ने नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की प्रथा पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने किसानों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए बताया कि नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण में भारी बढ़ोत्तरी होती है और मिट्टी के जरूरी कार्बनिक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। भूमि के लिए लाभकारी सूक्ष्म जीव जलकर मर जाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता घटती है। सहायक संचालक कृषि डॉ. सुरेश पटेल ने भारत सरकार की डिजिटल पहल 'एग्रीस्टैक' और 'फार्मर रजिस्ट्री' पर विस्तृत प्रकाश डाला।

#### सुबह से शाम तक रही भक्तों की लंबी कतार

# चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रसिद्ध रानी तालाब मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़



**रीवा।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुरुवार से हिंदू नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हुआ। इस बार यह नवरत्रि का पर्व 8 दिन का होगा। इसका समापन 26 मार्च को किया जाएगा। इस पर्व को लेकर देवी मंदिरों में यज्ञ हवन की तैयारियां शुरु हो गई हैं जो पूरे नवरात्रि के दिन तक चलेंगी। घरों में भी लोग देवी आराधन की तैयारी में जुट गए हैं। लोग मां का व्रत रखकर आशिर्वाद लेंगे। इस नवरत्रि के दौरान कई जगह पूजा पाठ के साथ साथ हवन और भण्डारे की तैयारियां की जा रही हैं। जिले में मां कालिका का 450 वर्ष से भी ज्यादा प्राचीन मंदिर है। जहां नवरात्रि के प्रथम दिवस मंदिर में भक्तों का सुबह से ही तांता लग गया,जो देर रात तक जारी रहा। देवी मां के दर्शन के लिए फल, फूल, माला और सिंदूर लेकर कतार में खड़े भक्तों से मंदिर की रौनक देखते ही बनी, रानी तालाब मंदिर के प्रति लोगों की बड़ी आस्था है। आस्था के केंद्र इस प्राचीन मंदिर में स्थापित मां कालिका की प्रतिमा का अपना अलग महत्व है। पहले इस मंदिर का संचालन राजघराने द्वारा किया जाता था। अब भारत सरकार इसका संचालन करती है। इस मंदिर से जुड़े कुछ रोचक तथ्य भी हैं। मंदिर में स्थापित मां कालिका को रानी तालाब की देवी के रूप में भी जाना जाता है। इसी तरह से शहर के नए बस स्टैंड के पास फ लमती मंदिर में भी भक्तों की काफी भीड़ सुबह से ही लग जाती है। यही हाल विश्वविद्यालय मार्ग स्थित झलबदरी माता मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। इतना ही नहीं गोविंदगढ़ क्षेत्र अंतर्गत खंधो स्थित काली माता मंदिर में दर्शन के लिए दूर दूर से भक्तजन पहुंचते है गुढ़ क्षेत्र अंतर्गत भयशोखर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है।

### रानी तालाब मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रखें - कलेक्टर



माँ काली मंदिर रानी तालाब रीवा में चैत्र नवरात्रि मेला शुरू हो गया है। मंदिर में आने वाले भक्तगणों की सुरक्षा के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने पर्याप्त पुलिस जवानों की तैनाती के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक और कमाण्डेंट होमगार्ड को जारी निर्देश में कलेक्टर ने कहा है कि नवरात्रि मेला 27 मार्च तक जारी रहेगा। इस अवधि में प्रातः 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक रानी तालाब मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पर्याप्त पुलिस बल, एसएएफ जवान और गोताखोर की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम, वन मण्डल अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा तहसीलदार हुजूर को भी नवरात्रि के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## पचमठा मंदिर में विक्रमोत्सव की धूम, नाट्य मंचन से जीवंत हुआ सम्राट विक्रमादित्य का युग





**रीवा ।** नवसंवत्सर और चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर रीवा के ऐतिहासिक पंचमठा मंदिर परिसर में महाराजा विक्रमादित्य के गौरवशाली इतिहास को समर्पित विक्रमोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सूर्यकोटि ब्रह्मध्वज के विधि-विधान से पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसने समूचे वातावरण को हर्षोल्लास और सांस्कृतिक चेतना से भर दिया। आयोजन का मुख्य आकर्षण रंग अनुभव शिक्षा समिति द्वारा प्रस्तुत किया गया नाटक रहा। विनोद मिश्रा के कुशल निर्देशन में 15 से अधिक कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य के युग की स्वर्णिम गाथा को मंच पर जीवंत कर दिया। नाटक की शुरुआत में आधुनिक युवाओं के नववर्ष मनाने के तरीकों और हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति के बीच के अंतर को मार्मिक ढंग से दर्शाया गया। मंचन के माध्यम से दर्शकों को बताया गया कि आखिर विक्रम संवत का प्रारंभ क्यों और कैसे हुआ। कलाकारों के सजीव अभिनय और दमदार संवादों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा ने कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हमारा परम कर्तव्य है। सम्राट विक्रमादित्य का जीवन हमें कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम की सीख देता है। ऐसे आयोजनों से हमारी जड़ों को मजबूती मिलती है। यह उत्सव न केवल एक आयोजन था बल्कि नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बना। उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने नाटक की सराहना करते हुए कहा कि कला के माध्यम से इतिहास को समझना अधिक प्रभावी होता है। कार्यक्रम में पार्षद अख्तर अली, राजबहोर डिप्टी कलेक्टर सुश्री सुरभि जैन, सहायक यंत्री राजेश चतुर्वेदी, गीता प्रतिष्ठानम से एसएन दुबे, बीएल मिश्रा, रमेश गिरी, उमेश वर्मा, राजेश नामदेव और अन्य जनप्रतिनिधि व आमजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने माँ सरस्वती के पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को विक्रम संवत के इतिहास पर आधारित पुस्तकें भी भेंट की गईं।

## रीवा जिला जल अभावग्रस्त घोषित, निजी नलकूप खनन पर लगा प्रतिबंध

### कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया जादेश



**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने म.प्र. पेयजल परिरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2022 की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण रीवा जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 15 जुलाई 2026 या वर्षा के आरंभ तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार जिले में इस वर्ष सामान्य औसत वर्षा से कम वर्षा हुई है। सिंचाई आदि कार्यों में भू-गर्भीय जल के अत्यधिक दोहन के कारण पेयजल स्त्रोतों के जल स्तर में कमी आई है। जिसके कारण जिले के सभी विकासखण्डों एवं नगरीय क्षेत्रों में नलकूपों और अन्य जल स्रोतों के जल स्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है जिससे जिले में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होने की आशंका है। पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रीवा द्वारा नलकूप खनन में पूर्णतः प्रतिबंध लगाने की अनुशंसा की गई है। जारी आदेश के अनुसार जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पूर्व अनुमति के नवीन नलकूप खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। कोई भी व्यक्ति एवं प्राइवेट ठेकेदार बिना अनुमति नलकूप खनन नहीं करेगा। यह आदेश सरकारी नलकूप खनन कार्यों पर लागू नहीं होगा। नदी, नालों, स्टॉपडैम और सार्वजनिक कुओं के जल को केवल घरेलू और पेयजल प्रयोजनों के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। किसी भी शासकीय भूमि पर स्थित जल स्रोतों में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी प्रयोजनों के लिए नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्रोतों का दोहन किन्ही भी साधनों द्वारा जल का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। निजी भूमि पर नलकूप खनन के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्धारित प्रारूप और शुल्क के साथ आवेदन करना होगा। एसडीएम पीएचई विभाग से तकनीकी अनुशंसा प्राप्त करने के बाद ही अनुमति प्रदान करेंगे। सार्वजनिक जल स्रोत सूखने की स्थिति में प्रशासन जनहित में किसी भी निजी पेयजल स्रोत का एक निश्चित अवधि के लिए अधिग्रहण कर सकेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (2) के तहत एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। स्थानीय पुलिस, राजस्व विभाग, पीएचई और नगर निकायों के अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दर्दनाक सड़क हादसाः ड्यूटी से लौट रहे आरक्षक की मौत



### भारतीय सेना से सेवानिवृत होने के बाद मध्य प्रदेश पुलिस में दे रहे थे सेवाएं

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की देर शाम बेला से रीवा की ओर आ रहे बाइक सवार पुलिसकर्मी सड़क किनारे अचेत अवस्था में मिला है जिसे सूचना के बाद चोरहटा पुलिस की 112 डायल ने संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने आरक्षक को मृत्यु घोषित कर दिया,पुलिस कर्मी की मौत हादसा या हार्ट अटैक के बीच रहस्यमय बनी हुई है। वही मौत का मामला पीएम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो सकेगा मृत पुलिसकर्मी रिटायर्ड आर्मी से बताया जा रहा है जो बेला चौकी में आरक्षक के पद पर सेवाएं दे रहे थे। आरक्षक के साथ हुए हादसे की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी समेत चौकी प्रभारी एवं चोरहटा थाना प्रभारी के अलावा अन्य अधिकारी संजय गांधी अस्पताल पहुंचे हैं जहां मृतक के परिजनों को ढाढ़स बधाने का प्रयास जारी है। मृतक आरक्षक विकास चतुर्वेदी उम्र करीब 45 वर्ष बैच नंबर 987 बताया जा रहा है। जो रीवा शहर के समान क्षेत्र में निवासरत थे अभी तक जो जानकारी निकलकर सामने आई है उसमें यह बताया जा रहा है कि आरक्षक बेला से रीवा के लिए निकले थे जो उमरी स्थित गुरु कृपा ढाबा के सामने सड़क किनारे पड़े देखे गए जिनके ऊपर बाइक गिरी हुई थी जबकि आरक्षक नीचे दबे हुए थे।आरक्षक की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही हैं। उनके असामयिक निधन से परिजनों सहित पुलिस महकमे में गहरा दुख व्याप्त है।रामपुर बघेलान थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही, टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है, ताकि दुर्घटना के कारणों और वाहन की पहचान की जा सके।



## जिला अस्पताल में आंखों के सफल ऑपरेशन, मरीजों को मिली नई रोशनी



**रीवा ।** जिला अस्पताल में नेत्र चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में लगातार प्रगति देखने को मिल रही है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा आधुनिक तकनीकों एसआईसीएस, फेकोटेरीजियम, ऑक्यूलोप्लास्टि के माध्यम से आंखों के सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं, जिससे अनेक मरीजों को नई रोशनी मिली है। इस संबंध में जिला अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा तिवारी ने बताया कि अस्पताल में विशेष रूप से मोतियाबिंद के ऑपरेशन और अन्य नेत्र रोगों के उपचार किए जा रहे हैं। ऑपरेशन के दौरान अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित स्टाफ की मदद से मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान किया जा रहा है। अब तक 563 हितग्राहियों में से 216 पुरुष, 347 महिलाओं का ऑपरेशन किया गया है। इन सफल ऑपरेशनों के कारण ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को अब बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। जिला अस्पताल में ही उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं इस समय जिला अस्पताल में चार विषय विशेषज्ञों टीम उपचार मुहैया करा रही है। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि समय पर जांच और उपचार से अंधत्व जैसी गंभीर समस्या से बचा जा सकता है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि आंखों से संबंधित किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में जांच अवश्य कराएं। इन सफल प्रयासों से न केवल मरीजों को लाभ मिल रहा है, बल्कि जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर लोगों का विश्वास भी लगातार बढ़ रहा है।

## हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**रीवा ।** हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्टार होटल में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सुरक्षा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संबंधित कानूनों एवं समसामयिक विषयों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक शशि श्याम उइके एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। संयुक्त संचालक ने स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर जानकारी देते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी ने घरेलू हिंसा की रोकथाम, दहेज प्रथा उन्मूलन तथा महिला संबंधी कानूनों की जानकारी विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों, कानूनी सहायता की उपलब्धता एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। सहायक संचालक शलीन शर्मा ने जेंडर संवेदीकरण तथा साइबर सुरक्षा विषयों के संबंध में जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम पर जानकारी दी। उन्होंने अधिनियम के प्रावधानों, शिकायत निवारण तंत्र एवं सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा ऑडियो-वीडियो सामग्री एवं पावर प्वाइंट प्रस्तुतियों का प्रभावी उपयोग किया गया, जिससे विषयों को समझने में सुगमता हुई। कार्यशाला में विभिन्न जिलों से आए सीडीपीओ एवं पर्यवेक्षकों के साथ-साथ बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, ऑब्जर्वेशन होम तथा वन स्टॉप सेंटर के सदस्य भी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष, जेजेबी के सदस्य एवं समाजसेवी सुश्री ममता सिंह द्वारा भी प्रतिभागियों कोव संबोधित किया गया एवं अपने विचार साझा किए गए। कार्यक्रम के समापन पर सीडीपीओ जीवेंद्र सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं के साथ-साथ क्षेत्रीय स्वास्थ्य संचालक, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, जिला विधिक सेवा अधिकारी, निरीक्षक हरिजन थाना सुश्री निशा एवं समाज सेविका श्रीमती ममता नागेंद्र सिंह भी उपस्थित रहीं।

### कट्टा हाथ में लेकर बोला युवक प्रशासन मुझसे परेशान, कुछ नहीं कर सकता, शहर में नाम चलता है, वीडियो सोशल मीडिया में वायरल



**रीवा।** शहर में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर युवक का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह अवैध कट्टा लहराते हुए खुद को अभिषेक ठाकुर बता रहा है और खुलेआम प्रशासन को चुनौती देता नजर आ रहा है। वीडियो में युवक न केवल हथियार का प्रदर्शन कर रहा है, बल्कि यह भी दावा कर रहा है कि उसका नाम पूरे रीवा शहर में चलता है और उससे पुलिस-प्रशासन भी परेशान है। वह यह तक कहता सुनाई दे रहा है कि प्रशासन उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वीडियो कब और किस स्थान का है, लेकिन प्रथम दृष्टया मामला गंभीर माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो की सत्यता और युवक की पहचान की जांच की जा रही है तथा जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि रीवा जिले में इससे पहले भी कई गोलीकांड सामने आ चुके हैं, जिनमें अवैध हथियारों का इस्तेमाल हुआ है। इन घटनाओं ने जिले में हथियारों की उपलब्धता और अपराधियों के बढ़ते हौसलों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है।

### शासकीय विभागों का 62 करोड़ रुपए से अधिक का बिजली बिल बकाया

**रीवा ।** जिले के विभिन्न शासकीय विभागों का 62 करोड़ रुपए से अधिक बिजली का बिल बकाया है। अधीक्षण यंत्री बीके शुक्ला ने शासकीय विभागों के कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा की है कि लंबित बिजली बिल का भुगतान कराएं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का 40.38 करोड़ रुपए, महिला एवं बाल विकास विभाग 6.41 करोड़ रुपए, स्कूल शिक्षा विभाग का 4.01 करोड़ रुपए, नगरीय विकास एवं आवास विभाग का 3.66 करोड़ रुपए, जल संसाधन का 3.44 करोड़ रुपए का बिजली का बिल बकाया है। इसी प्रकार लोक स्वास्य एवं परिवार कल्याण विभाग का 98 लाख रुपए, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का 38 लाख रुपए, आदिम जाति कल्याण विभाग का 35 लाख रुपए, लोक निर्माण विभाग का 25 लाख रुपए, उच्च शिक्षा विभाग का 17 लाख रुपए, राजस्व विभाग का 12 लाख रुपए, गृह विभाग का 6 लाख रुपए, वन विभाग का 6 लाख रुपए, कृषि विभाग का 4 लाख रुपए सहित अन्य शासकीय विभागों के एक करोड़ 76 लाख रुपए बिजली का बिल बकाया है।